# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)
(दूर्वा)(पाठ 2)(सबसे सुंदर लड़की – विष्णु प्रभाकर)
(कक्षा 7)

प्रश्न 1:
वाक्य जोड़ो
नमूना सहेलियाँ नाचती हैं। वे गाती भी हैं।
सहेलियाँ नाचती–गाती हैं।
क:
लहरें उछलती हैं। वे कूदती भी हैं।
क:
लहरें उछलती–कूदती हैं ।

ख:
सब बच्चे हँसते हैं। वे खेलते भी हैं।
ख:
सब बच्चे हँसते– खेलते हैं ।

ग:
मेरी माँ पढ़ना जानती है। वह लिखना भी जानती हैं।
ग:
मेरी मॉ पढ़ना–लिखना जानती है ।

प्रश्न 2:
कहानी से
प्रश्न क:
हर्ष और कनक छोटे होने पर भी समुद्र की लहरों में कैसे तैर सकते थे?
उत्तर क:
हर्ष ओर कनक दोनों इसलिए समुद्र की लहरों पर तैर सकते थे , क्योंकि दोनों बचपन से ही समुद्र की गहराइयों में जाकर सीप और मोती निकालकर लाते थें ।

प्रश्न ख:
हर्ष का पिता क्या काम करता था?
उत्तर ख:
हर्ष का पिता रंग–बिरंगी कौड़ियाँ, विभिन्न प्रकार के सुंदर–सुंदर शंख और पत्थरों से तरह–तरह के खिलौने, तरह–तरह की मालाएँ तैयार करता था ।

**प्रश्न ग:**
कनक छोटे–छोटे शंखों की मालाएँ बनाकर क्यों बेचती थी?
**उत्तर ग:**
कनक छोटे–छोटे शंख की माला बनाकर बेचती थी ताकि वह अपनी मॉ की मदद कर सके क्योंकि उसके पिती की मृत्यु हो चुकी थी ।

**प्रश्न घ:**
मंजरी को कनक क्यों नहीं भाती थी?
**उत्तर घ:**
मंजरी को कनक इसलिए नहीं भाती थी क्योंकि उसे समुद्र में तैरना नहीं आता था और वह उसे हर्ष से दूर रखना चाहती थी ।

**प्रश्न ङ:**
मंजरी ने कनक को अपना खिलौना क्यों दे दिया?
**उत्तर ङ:**
मंजरी ने कनक को अपना खिलौँना इसलिए दे दिया क्यों कि कनक ने मंजरी की जान बचाई थी ।

**प्रश्न 3:**
रिक्त स्थान भरो
नमूना गुड़िया जैसी सुंदर
**क:**
दूध जैसा ————————————
**क:**
सफेद

**ख:**
हाथी जैसा ————————————
**ख:**
विशाल

**ग:**
रात जैसा ————————————
**ग:**
काला

**घः**

रूई जैसा ————————

**घः**

मुलायम

**ङः**

चीनी जैसा ————————

**ङः**

मीठा

**प्रश्न 4:**

कौन–कैसा

नीचे कुछ शब्द लिखे हैं। उन्हें उचित खाने में लिखो।

दयालु, डरपोक, साहसी, सुंदर, अमीर, गरीब, समझदार, लालची, ईर्ष्यालु, अच्छी, मेहनती, आलसी, मूर्ख, लापरवाह, मनमौजी।

**उत्तर 4:**

कनक मंजरी

| कनक | मंजरी |
|---|---|
| **दयालु** | ईर्ष्यालु |
| **डरपोक** | साहसी |
| **सुंदर** | अच्छी |
| **अमीर** | गरीब |
| **समझदार** | मूर्ख |
| **लालची** | लापरवाह |
| **मेहनती** | मनमौजी |
| **आलसी** | मेहनती |

**प्रश्न 5:**

सुंदर

मंजरी बिलकुल गुड़िया जैसी सुंदर थी। तुम्हें सबसे सुंदर कौन लगती/लगता है? क्यों?

**उत्तर 5:**

हमें कनक संबसे सुदर लगती हे क्योंकि वह गरीब जरूर थी मगर मन से सुंदर और भावुक थी ।

**प्रश्न 6:**
गरीब
**प्रश्न क:**
वह बेचारी थी बड़ी गरीब।,
लोग आमतौर पर गरीबों को बेचारा और असहाय क्यों मानते हैं? कहानी में कनक को बेचारी कहा गया है जबकि वह निडर और दूसरों की सहायता करने वाली लड़की थी। दूसरी ओर मंजरी गरीब नहीं थी पर ईर्ष्यालु और डरपोक थी। तुम्हारे विचार से असली गरीब कौन है?
**उत्तर क:**
असली गरीब वह है जो दूसरों को अपने से नीचा समझता है और उनके पहनावे और हैसियत से उनका आकलन करता है ।

**प्रश्न ख:**
तुमने अपने आस–पास अमीर और गरीब, दोनों तरह के लोग देखे होंगे। तुम्हारे विचार से गरीबी के क्या कारण हो सकते हैं?
**उत्तर ख:**
गरीबी का कारण केवल पैसे की तंगी होती है , लेकिन वे दिल से हमेशा अमीर होते हैं ।

**प्रश्न ग:**
अमीरी और गरीबी के अंतर को कैसे दूर किया जा सकता है ? कुछ उपाय सुझाओ।
**उत्तर ग:**
गरीबी और अमीरी के अंतर को केवल मानवता और भावनाओं के आधार पर दूर किया जा सकता है । जब हम किसी गरीब को भी अपने समान साधारण आदमी समझने लगेंगे तो यह अंतर अपने आप ही मिट जाएगा ।